राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड **(National Judicial Data Grid- NJDG)** ने भारत में न्यायिक कार्यवाही के प्रबंधन के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित किया।

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड:

- **परिचय:**
  - NJDG 18,735 ज़िला तथा अधीनस्थ न्यायालयों और उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों एवं मामलों के विवरण का एक डेटाबेस है जिसे **ई-न्यायालय** प्रोजेक्ट के तहत एक ऑनलाइन मंच के रूप में स्थापित किया गया है।
  - डेटा को **कनेक्टेड ज़िला और तालुका न्यायालयों द्वारा लगभग वास्तविक समय के आधार** पर अपडेट किया जाता है। यह देश के सभी कंप्यूटरीकृत ज़िला और अधीनस्थ न्यायालयों की **न्यायिक कार्यवाही/निर्णयों** से संबंधित डेटा प्रदान करता है।
  - सभी उच्च न्यायालय भी वेब सेवाओं के माध्यम से NJDG में शामिल हो गए हैं, जिससे सार्वजनिक प्रतिवादियों को आसान पहुँच की सुविधा मिल रही है।
- **विशेषताएँ:**
  - राष्ट्रीय डेटा शेयरिंग और एक्सेसबिलिटी पॉलिसी **(NDSAP)** के अनुरूप NJDG केंद्र एवं राज्य सरकारों को एक ओपन**एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API)** प्रदान करता है।
    - यह API निर्दिष्ट विभागीय आईडी और एक्सेस कुंजियों का उपयोग करके NJDG डेटा तक सुव्यवस्थित पहुँच में मदद करता है।
  - यह सुविधा **संस्थागत वादियों के मामलों का मूल्यांकन और निगरानी** करने के लिये है तथा भविष्य में गैर-संस्थागत वादियों तक पहुँच बढ़ाने की योजना है।
- **महत्त्व:**
  - NJDG मामलों की **पहचान, प्रबंधन और लंबित** मामलों को **कम करने के लिये एक निगरानी उपकरण** के रूप में काम करता है।
  - यह **मामलों के निपटान में देरी को कम करने के लिये नीतिगत निर्णय लेने** के लिये समय पर इनपुट प्रदान करने में सहायता करता है तथा लंबित मामलों को कम करने में मदद करता है।
  - यह **न्यायालय की कार्यवाही** और प्रणालीगत बाधाओं **की बेहतर निगरानी** की सुविधा भी प्रदान करता है तथा इस प्रकार एक कुशल संसाधन प्रबंधन उपकरण के रूप में कार्य करता है।
  - भूमि विवाद से संबंधित मामलों को ट्रैक करने के लिये 26 राज्यों के भूमि रिकॉर्ड डेटा को NJDG के साथ जोड़ा गया है।
- **अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान:**
  - **वर्ष 2018 के लिये ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रिपोर्ट** में **विश्व बैंक (WB)** ने अनुबंध प्रवर्तन की सुविधा प्रदान करने वाली केस प्रबंधन रिपोर्ट तैयार करने में NJDG की भूमिका की सराहना की।
  - **यह मान्यता कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने में NJDG के महत्त्व को रेखांकित करती है।**

ई-कोर्ट परियोजनाओं के तहत अन्य पहल:

- केस सूचना सॉफ्टवेयर (CIS)
- आभासी न्यायालय
- **वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग (VC)**
- राष्ट्रीय सेवा और इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रियाओं की ट्रैकिंग (NSTEP)
- न्यायालय की दक्षता में सहायता के लिये सुप्रीम कोर्ट पोर्टल

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-judicial-data-grid